मूल्य 1 रु.
वर्ष: 11 - अंक : 236, मुंबई, सोमवार, 8 नवंबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

• मोतीचूर लड्डू • काजू कतरी • काजू रोल
• बदाम बर्फी • मलाई पेड़े • रसगुल्ले
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501

# मोहित कंबोज ने फिरौती के लिए आर्यन खान को किडनैप करवाया था

# मलिक का बड़ा आरोप



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक ने मोहित कंबोज पर एक और बेहद गंभीर आरोप लगाया है। मलिक ने कहा कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को मोहित कंबोज ने किडनैप किया था। उसे किडनैप करके क्रूज टर्मिनल पर लाया गया था। आर्यन खान को मोहित कंबोज के साले के जरिए किडनैप किया गया था। आर्यन को किडनैप करके मोटी उगाही का प्लान मोहित कंबोज ने बनाया था लेकिन एक सेल्फी की वजह से उनकी यह पूरी प्लानिंग चौपट हो गई। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## परमबीर सिंह के कहने पर सचिन वझे क्रिकेट सट्टेबाजों से वसूलता था रंगदारी

## क्राइम ब्रांच का आरोप

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने आरोप लगाया है कि एंटीलिया केस में फरार मुख्य आरोपी और पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के कहने पर क्रिकेट सट्टेबाजों से भारी रकम की वसूली की जाती थी। यह आरोप मुंबई पुलिस के बर्खास्त अफसर सचिन वझे की रिमांड सुनवाई के दौरान लगाए गए। इनमें कहा गया कि सट्टेबाजों को अरेस्ट करने की धमकी देकर सचिन वझे यह जबरन वसूली करता था। कोर्ट ने क्राइम ब्रांच को वझे की रिमांड 13 नवंबर तक सौंप दी है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मनपा हेरिटेज इमारत में रिसाव



**मुंबई।** मनपा मुख्यालय जो हेरिटेज इमारत घोषित किया गया है, में रिसाव होने लगा है। हेरिटेज इमारत का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया गया था, जिसमें इमारत की दीवारों में हो रहे पानी के रिसाव का पता चला है। अब जल्द ही रिसाव को बंद करने के लिए मरम्मत काम शुरू किया जाएगा। मनपा हेरिटेज इमारत की मरम्मत के लिए जल्द ही निविदा निकालने जा रही है। गौरतलब हो कि 150 वर्ष पूर्व गोथिक शैली में बनी हेरिटेज इमारत से मुंबई का कामकाज संभाला जाता है। बाद में इसमें लिफ्ट और एयरकंडीशन लगाए गए। मनपा की यह इमारत देश ही नहीं विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदु है। प्रत्येक पर्व और राष्ट्रीय दिवस पर इसे रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है। बिजली के तारों को फंसाने के लिए दीवार में ठोंके गए कीलों से पानी रिसकर भीतर जाने का पता ऑडिट से चला है।

## 'ये हिंदुओं का एरिया है किसके इशारे पर खोली है दुकान'

## मुस्लिम दुकानदार को धमकाने वाले युवक को ढूंढ रही पुलिस



**नई दिल्ली।** दिवाली के दिन मुस्लिम दुकानदार को धमकाने वाला युवक अभी भी पुलिस की गिरफ्तार से बाहर है। आरोपी युवक की पहचान नरेश कुमार के रूप में हुई है। एफआईआर दर्ज होने के 4 दिन बाद भी पुलिस उसकी तलाश ही कर रही है। दिवाली के दिन बिरयानी की दुकान खोलने पर मुस्लिम दुकानदार को धमकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# समीर वानखेड़े की उगाही वाली प्राइवेट आर्मी का हिस्सा हैं मोहित कंबोज....

## नवाब मलिक का आरोप



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक ने बीजेपी नेता मोहित कंबोज पर बेहद संगीन आरोप लगाया है। मलिक ने कहा कि मोहित कंबोज तो एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े की उगाही वाली प्राइवेट आर्मी का हिस्सा हैं। कंबोज के साले के जरिए शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कॉर्डेलिया क्रूज पर बुलाया गया और समीर वानखेड़े के साथ मिलकर उसे फंसाया गया, ताकि 25 करोड़ की उगाही की जा सके। मोहित कंबोज इस शहर में 12 होटल चलाते हैं और अपने होटल को अच्छे से चलाने के लिए बगल के होटलों पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से छापेमारी करवाते हैं, ताकि वह होटल बंद हो जाए और इनका धंधा चलता रहे। नवाब मलिक ने कहा कि मोहित कंबोज और एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े की साठगांठ है और दोनों लोग मिलकर बड़े घरों के लोगों और बॉलीवुड के सितारों को फर्जी ड्रग्स मामले में फंसाकर उगाही का धंधा चलाते हैं। मलिक ने कहा कि जब 6 अक्टूबर को हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। उसके बाद ठीक दूसरे दिन यानी 7 तारीख को समीर वानखेड़े, मोहित कंबोज से ओशिवारा में मिले। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

# जानलेवा धंधा

जहरीली शराब से बिहार में लोगों की मौत जितनी दुखद है, उतनी ही शर्मनाक भी। बिहार के गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण में पिछले तीन दिन में संदिग्ध नकली शराब के सेवन से कम से कम 30 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य बीमार हैं। पश्चिम चंपारण जिले के मुख्यालय बेतिया के तेल्हुआ पंचायत में गुरुवार और शुक्रवार को कथित जहरीली शराब पीने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि गोपालगंज में नकली शराब के सेवन से गुरुवार तक 16 लोगों की मौत हुई थी। इन मौतों को सहजता से स्वीकार करना प्रशासन के लिए भी कठिन होगा, क्योंकि घोषित रूप से बिहार में शराबबंदी लागू है। इसके बावजूद अगर शराब बिक रही है, तो इससे बड़ी शर्म की कोई बात हो नहीं सकती। चंद पुलिसकर्मियों को निलंबित करने से कुछ नहीं होने वाला, क्योंकि शराब का अवैध धंधा बिहार में अंदर ही अंदर फैल चुका है। उत्तरी बिहार की स्थिति कुछ ज्यादा चिंताजनक है, विगत दस दिन में उत्तरी बिहार में जहरीली शराब की यह तीसरी घटना है। बिहार में क्या कोई साजिश हो रही है ? गोपालगंज पहुंचे बिहार के एक मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ह्यमैंने उन लोगों के घर का दौरा किया है, जिनकी कथित तौर पर नकली शराब पीने से मौत हुई है। यह एनडीए सरकार को बदनाम करने की साजिश हो सकती है।ह्व ऐसे कौन लोग हैं, जो सरकार के आदेश के बावजूद शराब का व्यवसाय कर रहे हैं ? ऐसे कौन लोग हैं, जिन्हें जहरीली शराब बेचकर धन कमाने से भी परहेज नहीं है ? क्या शराब का धंधा करने वालों पर सरकार का जोर नहीं चल रहा है ? राजनेताओं ही नहीं, अधिकारियों को भी मौत के पीछे रहस्य नजर आ रहा है, तो सरकार को तह में जाकर स्वतंत्र जांच करवा लेनी चाहिए। जिस शराबविरोधी संस्कृति का निर्माण बिहार में करने की कोशिश हो रही थी, उसकी राह में अगर कुछ साजिशकर्ता खड़े हैं, तो उनके खिलाफ यथोचित कार्रवाई होनी ही चाहिए। इस साल जनवरी से 31 अक्तूबर तक नवादा, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सीवान और रोहतास जिलों में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से करीब 70 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य की आंखों की रोशनी चली गई है। मरने वालों में ज्यादातर लोग अनुसूचित जाति के बताए जा रहे हैं, तो सरकार के लिए न्याय सुनिश्चित करना और भी जरूरी है। बेशक, शराब पीने वालों की भी बड़ी गलती है, लेकिन शराब बनाने वाले और शराब बनने देने वालों की सर्वाधिक जवाबदेही है। शक, रहस्य अपनी जगह है, लेकिन प्रथम दृष्टया ये मौतें किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई लगती हैं और पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आस-पास ऐसा बहुत कुछ अवैध घटता रहता है, जिसके बारे में अधिकारियों को औपचारिक रूप से सूचना नहीं होती है। अब जरूरी है कि अधिकारी अनौपचारिक सूचनाओं का भी पीछा करें। शराब का अवैध कारोबार चल रहा है, यह स्वीकार करने के लिए आम लोगों, गरीबों को मरने की कतई जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। प्रशासन को अपने ही स्तर पर बिहार के तमाम गांवों में खंगालना चाहिए कि क्या शराब के नए ठिकाने फिर चल निकले हैं ? बिहार में अप्रैल 2016 से अगर शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध है, तो इस प्रतिबंध का मान-सम्मान रखना प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

## आर्यन खान और हमारा समाज

# किस दिशा में क्या ढूंढ रही है जनता ?

**भारत** की सबसे बड़ी समस्या क्या है? यह आज के दौर का सबसे बड़ा सवाल बन गया है। क्यों? वजह है देश के सामने प्रेरणा स्त्रोत का 'संकट'सामने है, खासकर नौजवानों के सामने और यही सबसे बड़ी समस्या भी। हमारे नेता युवाओं को सपने तो दिखा रहे हैं लेकिन उनके सामने प्रेरणा स्त्रोत यानी आइकन पेश करने में लगातार नाकाम होते दिख रहे हैं।

दरअसल, वे खुद तो आइकन बन ही नहीं नहीं पा रहे, उल्टे ऐसे प्रतिमान पेश करने की कोशिश करते हैं, जो न तो वास्तव में प्रतिमान हैं और न ही हो सकते हैं। यह किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि समाज के हर क्षेत्र और व्यवसाय में पैदा हुए प्रेरणा शून्य के हालात हैं। जो हर क्षेत्र में सफलता के जो प्रतिमान नई आर्थिक नीति और वैश्वीकरण के बाद बने थे, वे भी अब या तो दरक चुके हैं या छिन्न भिन्न तक हो चुके हैं, या आउट ऑफ डेट हो चुके हैं।

ताजा मामला अभिनेता शाहरुख खान के बालिग पुत्र आर्यन खान का है। आर्यन को जहाज पर आयोजित रेव पार्टी से रंगे हाथ पकड़ा गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार किया और कोर्ट के आदेश से जेल भेजे गए और महंगे से महंगे वकीलों की कोशिशों के बाद करीब तीन हफ्ते बाद सशर्त जमानत मिल सकी। कानून और अदालत इस मामले में न्याय करेंगे यही भरोसा है, लेकिन आर्यन के पिता के स्टारडम के चलते आर्यन को जिस तरह हीरो की तरह मीडिया ने पेश किया और जिस तरह सियासत में उसका बचाव किया वह चिताजनक है। इससे कहीं चिंता की बात जमानत मिलने के बाद घर लौटते आर्यन और उसके पिता की झलक पाने जुटी भीड़ है।

सवाल यह है कि क्या हमारे देश में वास्तविक आइकन नहीं हैं? कुछ महीने देश के लिए टोक्यो ओलंपिक से सोने, चांदी और कांसे के पदक लेकर लौटे एथलीट और खिलाड़ी तथा पैरालंपिक के विजेताओं को जिस तरह स्वागत सम्मान मिला था, उससे उम्मीद जगी थी की भारत बदल रहा है, रियल हीरोज को हीरो माना जा रहा है। लेकिन यह अधूरा सच है।

दरअसल, देश के खबरिया चैनल और विज्ञापन जगत इन हीरोज को नहीं उन ' बदनाम' सितारों पर पैसा और जलवा बरसा रहे हैं, जिन्हें नशे की लत, शौक और देश के कानून को ताक पर रखने के कारण ' खबरिया अपमान' झेलना पड़ा था। चरस, गांजा, ड्रग्स में डूबे लोग हींग, मसालों, कोल्ड ड्रिंक से लेकर तमाम उत्पादों के विज्ञापनों में छाए हुए हैं। जाहिर है उनकी ब्रांड वैल्यू बेअसर है। करीब पांच साल पहले जब 2016 के ओलंपिक के लिए फिल्म कलाकार सलमान खान को एंबेसडर बनाए जाने को लेकर भी विवाद हुआ था।

आखिर इसे हास्यास्पद न कहा जाए तो क्या कहा जाए कि एक फिल्म स्टार खेल और खेल आयोजन के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना दिया जाए। वह भी ऐसा फिल्म अभिनेता जो कई मामलों में न केवल आरोपी है बल्कि उसके कृत्य समाज के युवाओं में नकारात्मक प्रवृत्ति को बढ़ावा देने वाले हैं।

शराब पीकर तेज रफ्तार कार चलाकर सड़क किनारे सो रहे गरीबों को कुचलने का आरोप हो या कृष्ण मृग का शिकार या अपनी भूतपूर्व प्रेमिका को नशे में सरेआम अपमानित करने के वाकयात हों,



सलमान खान किसी भी दृष्टि से समाज के हर क्षेत्र के युवाओं का आइकन नहीं हो सकते। यह बात दीगर है कि उनकी फिल्में चल निकलती हैं।

फिल्मों को हिट करने वाला दर्शक वर्ग देश को ओलिंपिक में पदक लाने योग्य खिलाड़ी बन सकने की संभावनाओं से भरे किशोरों और युवाओं से भिन्न है। सलमान के पोस्टर लगाने और उसके जैसा दिखने की फितरत में जीने वाला वर्ग वो है जिसके पास जीने के पूरे संसाधन तक नहीं हैं, वह अपने जीवन की कमी फिल्मों में हीरो को दबंगई करते देखकर पूरी करता है। यही तो फिल्मों के हिट होने और साधारण से आदमी के स्टार बनने का मनोवैज्ञानिक फलसफा है, लेकिन इससे देश प्रगति नहीं कर सकता और न ही ओलिंपिक या किसी और अत्याधिक कड़े परिश्रम से पदक हासिल करने वाली प्रतियोगिता तक पहुचंने और उसमें तमगा जीतने लायक लक्ष्य प्रेम जगा सकता है। अब यह तय माना जा रहा है कि आर्यन खान की लांचिंग तय है।

बदनामी को लांचिंग पेड बनाने का मानो यह सुअवसर है। हो सकता है बाजार जल्द ही उसे विज्ञापन का स्टार बना दे और पोस्टर दीवारों पर दिखने लगें। इसके पहले हम सलमान खान और संजय दत्त के करियर ग्राफ में जेल यात्रा से आए उछाल को देख चुके हैं। फिल्में देखकर हीरो जैसा बनने की चाहत रखने वालों का एक वर्ग आर्यन, संजय और सलमान का फैन हो सकता है।

किसी जमाने में दिलीप कुमार, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती से लेकर अन्य कई कलाकारों के भी ऐसे ही फैन रहते आए हैं, सलमान के भी हैं, आर्यन के भी इन एडवांस बन ही जाएंगे।

पांच साल पहले के ओलंपिक ब्रांड एंबेसडर विवाद में रियल खिलाड़ियों को एक्टर खिलाड़ियों से बेहतर बताने के कुतर्क भी सामने आए थे। एक्टर सलमान खान के पिता राइटर सलीम खान का बयान तो बेहद बचकाना और काबिले आलोचना था कि मिल्खा सिंह को फिल्म उद्योग ने गुमनामी से उबारा। वाह इस सोच के क्या कहने? फिल्म बनाने वालों ने फिल्म बनाई मिल्खा पर और पैसे भी जमकर बनाए, अवॉर्ड भी बटोरे और तुर्रा ये कि मिल्खा सिंह पर अहसान किया। तो फिर मैरीकॉम बनाने वालों ने भी मैरीकॉम पर अहसान किया, अजहर पर फिल्म बनाने वाले भी वही कर रहे थे। गजब डायलॉग लिखने के लिए मशहूर सलीम खान का ये गजब का 'डायलॉग' आया था।

खैर, सवाल सिर्फ आर्यन, सलमान या कानून की नजर में आरोपी बने किसी सेलिब्रिटी या सेलिब्रिटी पुत्र-पुत्री का नहीं है बल्कि आइकन चुनने का है। इसमें सवाल खबरिया मीडिया पर भी है जो एक आरोपी का प्रशस्ति गान और सतत कवरेज को अपनी प्राथमिकता बना लेता है। लाइव शो चलाने वाले भी इस मामले में कम नहीं है वे अपने शोज में ऐसे लोगों को जरूर लाते हैं जो किसी तरह की नकारात्मक छवि में घिर चुके हों या विवाद ही जिनकी पहचान हो। इसका एक उदाहरण वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद महाजन की हत्या के बाद उनके पुत्र राहुल महाजन भी हैं।

राहुल को पूरे देश ने देखा था, कि कैसे वो अपने पिता के अस्थि कलश की मौजूदगी में नशे में कवरेज था। इस घटना में महाजन के पीए की मौत हुई थी और राहुल को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बमुश्किल बचाया जा सका था। इसी राहुल को टीवी चैनलों ने आइकॉन की तरह पेश किया, उसका स्वयंवर कराया, स्वयंवर की वधु की पिटाई और फिर राहुल की दूसरी शादी भी सुर्खियां बनी। अब भी राहुल को टीवी चैनलों पर सेलिब्रिटी की तरह पेश किया जाता है। क्रिकेट में बदनामी का सबब बने कई क्रिकेटर मैच के दौरान विशेष टिप्पणी और कमेंट्री करते नजर आते हैं।

ऐसे ही एक अपार यश के बाद अपयश कमाने वाले क्रिकेटर न केवल सांसद बन गए थे बल्कि उन पर फिल्म भी बनाई गई। यह सब दरकते, टूटते प्रतिमानों की सच्चाई है। जिस समाज में अमेरिका की ब्लू फिल्मों की नायिका भी भारतीय फिल्मों में नायिका बन जाती है, वहां प्रतिमानों की बात करना कुछ लोगों को पिछड़ेपन की सोच लगे तो इस पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है कि सब कुछ अंधेरे में ही है, भारतीय समाज में रोशनी की भी कई मिसालें हैं। इस घटाटोप के बावजूद हर क्षेत्र में ऐसे नाम अवश्य मिल जाएंगे जिन्हें हम प्रेरणा स्त्रोत की तरह सम्मानित कर सकते हैं।

शिक्षा, खेल, समाज सेवा, खेती, संरक्षण, चिकित्सा से लेकर सेना तक लंबी फेरहिस्त है जिन्हें आइकॉन बनाया जाए, माना जाए। गांवों में अंचलों में जलदूत बनकर तो कहीं शिक्षा दूत बनकर तो कभी जैविक खेती में प्रयोग कर तो कभी नए नए आविष्कार कर, लोगों को जोड़कर पुल, सड़क बना रहे और समाज को बदलने में जुटे हजारों परिश्रमी स्त्री पुरुष हैं। जो देश को झंकृत करने लायक काम कर रहे हैं। हमें उन्हें अपना और समाज का आइकॉन बनाना होगा। समाज भी पहल करे और सरकारें भी उपकृत करने के बजाय वास्तविक अलंकरण कर समाज को प्रेरणा पुंजों से प्रेरणा स्त्रोतों से रुबरू कराए। आइकॉन यानी प्रतिमान का संकट न केवल दूर हो सकता है बल्कि प्रेरणा पुंजों की पूरी श्रृंखला तैयार हो सकती है।

मीडिया इस दिशा में कुछ काम कर तो रहा है, लेकिन नकारात्मक छवि को मंडित करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाकर शुभ प्रतिमानों को यथेष्ट स्थान दे तो समाज के हर क्षेत्र में नए आईकॉन, नए प्रतिमान, नए प्रेरणा पुंज देश को नई शक्ति से भर सकते हैं।

दुनिया में सर्वाधिक युवा आबादी वाले देश को इसकी सर्वाधिक जरूरत है। युवा जागेंगे तो समस्याएं कैसे टिक पाएंगी, इतिहास इसका गवाह है। नशेड़ी और असंस्कारी युवा नहीं बल्कि परिश्रम, लगन और देश के लिए जी जान लगाने वाले लोग हमारे आइकॉन बनेंगे। उम्मीद की जाना चाहिए कि ऐसा हो सकेगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस. खान**,
समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# त्रिपुरा में मुसलमानों के साथ हो रहे जुल्म ज्यादति और सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ मुस्लिम महासभा मध्य प्रदेश ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम राज्यपाल महोदय को दिया ज्ञापन

**संवाददाता सैय्यद अलताफ हुसैन**

**भोपाल, त्रिपुरा।** मुस्लिम महासभा मध्य प्रदेश भोपाल ने मांहामहिम राष्ट्रपति महोदय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली (भारत) को संबोधित करते हुए लिखा है की त्रिपुरा में हो रही मुस्लिम समुदाय के खिलाफ साम्प्रदायिक हिंसा एवम आगजनी की खबरें दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही है जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक स्थलों (मस्जिदों में आगजनी एवम तोड़ फोड़ की वारदात के साथ मुस्लिम समुदाय के प्रतिष्ठानी एवं घरों में तोड़फोड़ व आगजनी खुलेआम पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में की जा रही है। जिससे यह प्रतीत होता है के साम्प्रदायिक दंगों को राज्य शासन का समर्थन प्राप्त है। जिससे त्रिपुरा के कई इलाकों में साम्प्रदायिकता का माहौल बना हुआ है। सम्पूर्ण घटना राज्य शासन के संज्ञान में होने के बावजूद कोई कठोर कदम नहीं उठाया गया जिसमे हिंसा करने वाले लोगों को बल मिल रहा है। अतः महामहिम से मुस्लिम महासभा मध्य प्रदेश भोपाल का अनुरोध है कि इस प्रकार की सांप्रदायिक घटनाओं को तत्काल रोका जाए जिससे की हमारे प्रधानमंत्री के देशवासियों को दिये गये वचन ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की गरिमा बनी रहे एवं विश्व स्तर पर नौकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के नाम पर अपनी पहचान बनाने वाले हमारे भारत देश की छवि धूमिल ना हो कृपया उपरोक्त सम्पूर्ण घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जॉच कराक र दोषियों पर कार्यवाही एवं शांति बहाली हेतु त्रिपुरा राज्य शासन को आदेशित करने की कृपा करें।इस आशय का ज्ञापन मुनव्वर अली खान मुस्लिम महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में 2 नवंबर 2021 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल को दीया गया जिसमें सचिव यूसुफ खान, प्रदेश महा मंत्री इरशाद अली खान प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद फहीम , भोपाल संभाग प्रभारी मोहम्मद कलीम,भोपाल जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली , जिला उपाध्यक्ष मुबीन खान, एडवोकेट वासिद् खान, आजम खान गौरी, अकरम खान, उसमांन एहमद , अफजल खान, शरीफ खान,एवं मुस्लिम महासभा के सदस्य मुस्लिम बुद्धिजीवी तथा मुस्लिम समुदाय के अधिकतर लोग मौजूद रहेंगे और राज्यपाल महोदय को मुस्लिम समुदाय की चिंता से अवगत कराते हुए यह मांग रखेंगे के त्रिपुरा सरकार को तुरंत बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाय और अल्पसंख्यक मुस्लिमो पर हमला करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाय।





## प्रशासन की मौजूदगी व समझाईश से हुआ मृतक का अंतिम संस्कार



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** गोवर्धन पूजा के दिन आसींद उपखंड क्षेत्र के आसींद थाना अंतर्गत बकता खेड़ा गांव मे अल सुबह हुई मृतक की मौत पर उस समय विवाद खड़ा हो गया जब अंतिम संस्कार के लिए गांव के ही एक परिवार द्वारा अंतिम संस्कार के लिए रोक दिया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंचे आसींद थाना अधिकारी व राजस्व कर्मचारियों द्वारा समझाईश के पश्चात मृतक का अंतिम संस्कार किया गया! क्षेत्रीय पत्रकार दिनेश साहू के अनुसार बक्ता का खेड़ा के रोशन प्रजापत की हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार के लिए गांव के ही बाहर ग्राम पंचायत की भूमि पर जब अंतिम संस्कार के लिए शव को ले जाया गया तब गोपी सुथार नामक व्यक्ति के परिवार वालों ने शव को जलाने को लेकर आपत्ति खड़ी कर दी तथा जमीन पर कब्जे का हक जाहिर करने लगे। 3 घंटे तक शव को अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन के पहुंचने और समझाईश तक इंतजार करना पड़ा, तत्पश्चात शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

**मोहित कंबोज ने फिरौती के लिए आर्यन ....**

मलिक ने कहा कि उड़ता पंजाब की तरह उड़ता महाराष्ट्र बनाने की साजिश समीर वानखेड़े और उनकी प्राइवेट आर्मी की थी। नवाब मलिक ने यह भी कहा कि अब शाहरुख खान को धमकियां दी जा रही हैं कि अगर नवाब मलिक ने बोलना बंद नहीं किया तो तुम्हारा लड़का लंबे समय के लिए जेल जाएगा। शाहरुख खान और उनका परिवार इस मामले में खुद एक पीड़ित है, ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार से डरने की जरूरत नहीं है, वह कोई अपराधी नहीं है। अगर किसी के लड़के को किडनैप किया जाता है और फिरौती मांगी जाती है और बदले में वह फिरौती की रकम को चुकाते हैं तो वह पीड़ित हैं, अपराधी नहीं। मैं सभी लोगों से अपील करना चाहता हूं कि जो भी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो या मोहित कंबोज के शिकार हुए हो तो उन्हें सामने आना चाहिए ताकि जो आरोपी हैं उनके खिलाफ सबूत मिल सके और उन्हें दंडित किया जा सके। नवाब मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री असलम शेख को भी उस क्रूज पार्टी में ले जाने का काफी प्रयास किया गया था। हालांकि वह अरे उस क्रूज पार्टी में नहीं गए। मलिक ने कहा कि वानखेड़े की प्राइवेट आर्मी के लोग बड़े घरों के बच्चों और फिल्म सेलिब्रिटी को निशाना बनाते थे ताकि उन्हें फर्जी मामलों में फंसाकर मोटी उगाही की जा सके। मलिक ने कहा कि सुनील पाटिल भी समीर वानखेडे की प्राइवेट आर्मी में शामिल है। नवाब मलिक ने यह भी कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के कुछ अधिकारी मुंबई में ड्रग्स का काला कारोबार कर रहे हैं और लोगों को फर्जी तरीके से फसा रहे हैं। मलिक ने एनसीबी के समीर वानखेड़े वी.वी सिंह, आशीष रंजन और माने नाम के व्यक्ति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सभी लोगों को गलत तरीके से फंसाने और पैसों की वसूली में लिप्त हैं। मलिक ने कहा कि आर्यन खान मामले में किडनैपिंग और वसूली का मामला साबित हो रहा है। अगर एनसीबी के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देंगे तो राज्य की एसआईटी इस मामले पर काम करेगी।

**परमबीर सिंह के कहने पर सचिन वझे.....**

क्राइम ब्रांच ने वझे की कस्टडी सात और दिनों के लिए मांगी है। पुलिस का कहना है कि वह यह पता लगाना चाहती है कि यह सब किस तरह किया जाता था। रिमांड याचिका में क्राइम ब्रांच ने कहा है कि चूंकि सचिन वझे परमबीर सिंह के नजदीक था इसलिए हम उससे यह भी पता लगाना चाहते हैं कि इस समय वह हैं कहां। हम यह भी जानना चाहते हैं कि वसूली करने का प्लान कहां बनाया जाता था, पैसा कहां जमा किया जाता था। पुलिस का कहना कि उसे यह भी पता लगाना है कि परमबीर सिंह के कहने पर क्या किसी और से भी रंगदारी वसूली गई है। इसके अलावा यह भी जांच करनी है कि उस पैसा का होता क्या था। इसके अलावा यह भी जानना है कि बाकी के फरार आरोपियों में इस रकम का बंटवारा कैसे होता था। क्राइम ब्रांच ने बताया कि अल्पेश पटेल को गुजरात के मेहसाणा से अरेस्ट किया गया। उस पर आरोप है कि फरारी के दौरान उसने अपना वह फोन और सिम कार्ड नष्ट कर दिया जिससे वारदात की जाती थी। इस तरह उस पर सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगा है। वझे के वकील रौनक नाइक ने रिमांड याचिका का यह कहते हुए विरोध नहीं किया कि उनका मुवक्किल जांच में सहयोग करना चाहता है।

**'ये हिंदुओं का एरिया है किसके इशारे पर खोली है दुकान'......**

पुलिस के मुताबिक वीडियो में आरोपी खुद को दक्षिणपंथी संगठन बजरंग दल का सदस्य नरेश कुमार सूर्यवंशी बता रहा है। वीडियो में युवक मुस्लिम दुकानदार को धमकाते हुए कहता है, ये जामा मस्जिद है क्या है ये, किसके इशारे पर यह दुकान खोली है। ये हिंदुओं का एरिया है...यहां कोई भी मुसलमान नहीं रहता है। वीडियो में युवक धमकाते हुए कहता है, हमारी दिवाली है और तुम यहां दीन इमान खराब करने आए हो।

**समीर वानखेड़े की उगाही.....**

इस बात की जानकारी मुझे खुद वहां के स्थानीय लोगों ने दी। उन्होंने बताया कि एक गाड़ी वाले व्यक्ति आया था और एक व्यक्ति के साथ कुछ बॉडीगार्ड भी थे। मलिक ने कहा कि इन लोगों का नसीब बहुत अच्छा है कि वहां का सीसीटीवी बंद था। इसी घबराहट में समीर वानखेड़े ने एक कंप्लेंट दर्ज कराई थी कि कोई मेरा पीछा कर रहा है। मलिक समीर वानखेडे इस शहर में ड्रग्स का धंधा चलाना चाहते हैं और वसूली करना उनका मकसद है। नवाब मलिक ने कहा कि सुनील पाटिल जिसका जिक्र मोहित कंबोज ने किया है, वह एक फ्रॉड आदमी है। मैं उस व्यक्ति से जीवन में कभी मिला नहीं। सुनील पाटिल के नाम से होटल ललित में बीते 7 महीनों से कमरा बुक था। वहां पर समीर वानखेड़े की प्राइवेट आर्मी के लोग आते जाते थे। वहां शराब, शबाब और ड्रग्स की पार्टियां होती थी। वहां लड़कियों का भी आना-जाना होता था।

## (पृष्ठ 8 का शेष भाग)

**सपा में शामिल हुए बसपा नेता रामअचल .....**

किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है। उन पर गाड़ियां अलग से चढ़ा दी जा रही हैं। सपा अध्यक्ष ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लोकार्पण का जिक्र करते हुए सरकार की खूब खिंचाई की। बोले कि हम होते तो कम समय मे अच्छी सड़क बन जाती। आगरा एक्सप्रेस वे का जिक्र करते हुए कहा कि वैसी सड़क यह सरकार नहीं बना पाई। व्यंग्य करते हुए कहा कि बुलडोजर चलाने का जिक्र करने वाले सीएम ने यदि सड़क पर ठीक से बुलडोजर चलवा दिया होता तो पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बढ़िया बन गया होता। अखिलेश ने कहा कि हमें यूपी को दोबारा खुशहाली की राह पर ले जाना है। हम ऐसा कर पाएंगे। सपा की सरकार आने वाली है। समाज का प्रत्येक वर्ग सरकार से त्रस्त है। यूपी में बदलाव और बीजेपी का सफाया तय है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि आखिर पेट्रोल डीजल के दाम और भी तो कम कराना है। यूपी में बीजेपी की हार होते ही दाम और कम होंगे। इससे पहले सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री राम अचल राजभर और लालजी वर्मा ने कहा कि हम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया के आदर्शों पर चलते हुए 2022 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का काम करेंगे। सभा को पूर्व मंत्री बलराम यादव, ललई यादव आदि ने भी संबोधित किया।

**छठ पूजा को लेकर कांग्रेस अपनी ही सरकार....**

जबकि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक का कहना है कि यह जल पूजन का पर्व है और किसी भी प्रकार के पर्व को मनाने की कोई भी मनाही राज्य सरकार की तरफ से नहीं है। प्रतिबंध सिर्फ उन चीजों पर लगाया गया है जो राजनीतिक दल छठ पूजा के नाम पर समंदर किनारे मंच लगाकर मनोरंजन का कार्यक्रम करते थे। कोविड ना फैले, इस वजह से यह प्रतिबंध लगाया गया है।

# गोवर्धन पूजा के दिन श्री कृष्ण पालकी यात्रा का आयोजन किया गया



गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण सेवा समिति के द्वारा तृतीय श्रीकृष्ण पालकी यात्रा आयोजित की गई। यह पालकी यात्रा अँधेरी पूर्व के मारुती मंदिर (शेर ए पंजाब) से श्री राम कृष्ण मंदिर (एमआयडीसी) तक निकाली गई। पालकी यात्रा के प्रारंभ करने से पहले समस्त कृष्ण भक्तों ने श्री राधेकृष्ण और गौमाता की आरती की। हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हुए पालकी को कंधे पर उठाये भक्तगण श्री राम कृष्ण मंदिर तक गिरिधारीलाल को पहुंचाया। सभी भक्तों ने एक साथ दीप दान कर के महाप्रसाद ग्रहण किया। इस पालकी यात्रा में मुरजी पटेल, डॉ हगेश यादव, सुरेंद्र दूबे, मोतीलाल यादव, शेखर तावड़े, ईश्वरदेव यादव, बाबा यादव,रामजी पांडे, जेपी सिंह, दरोगा मिश्रा, सुभाष जायसवाल, कृपाशंकर यादव, भुल्लन यादव, बंसराज यादव,सरिता संजय यादव, सुदामा यादव, अविनाश भागवत, सुभाष यादव, मनोज प्रजापति, अरविन्द प्रजापति, पियूष पांचाल, संजू यादव, जान्हवी सिंह, मंजू गुप्ता, मंजू यादव, राजेश गुप्ता, दीपक कलवार, मोहन कलवार, श्रीकांत यादव, लालचंद्र यादव, जितेंद्र चौहान, लोरिक चौहान, राकेश चौहान, हिरा यादव, बीके शर्मा, के के तिवारी, अभिराम यादव, सत्यम यादव, बिपिन दुबे, वेंकट रेड्डी,बृजेश यादव, विनोद यादव, शैलेश जायसवाल, शंकर पटेल व गोविंदराम यादव के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में कृष्णभक्त उपस्थित थे।

## नशेड़ी ने किया कुत्ते पर जानलेवा हमला

**मुंब्रा।** गत 4 नवंबर गुरुवार मुंब्रा रेलवे स्टेशन से सटा हुआ परिसर जीवन बाग से एक ऐसा मामला प्रकाश में जो व्यक्ति की दरिंदगी को दर्शाता है दरअसल मामला यह बताया जा रहा है। नशेड़ी जिसका नाम 50 है और वह जीवन बाग परिसर का रहने वाला है। यह नशेड़ी व्यक्ति ने नशे की हालत में किसी व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने की कोशिश कर रहा था। परंतु वह व्यक्ति नहीं मिलने पर इसने अपना गुस्सा एक बेजुबान



जानवर कुत्ते पर निकालते हुए उसने धार-दार चाकू उस कुत्ते के पेट में भूख दिया यह नशेड़ी ने चाकू इतनी बेरहमी से गोपा था। उस कुत्ते की पूरी अतडी बाहर निकल कर आ गई जिससे स्थानीय लोगों ने उस कुत्ते को नजदीकी डॉक्टर के पास ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसको पेट में कई टांके लगाए परंतु कुछ घंटों के बाद उस कुत्ते की मौत हो गई। जिसके चलते जानवरों के पालन पोषण का ध्यान रखने वाली संस्था अल्फा फाउंडेशन की राबिया बुस्तानी ने कुत्ते को मुंबई के परेल हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए ले गई और उसके बाद मुंब्रा पुलिस स्टेशन में उस नशेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। लेकिन अभी तक वह आरोपी को पुलिस ने अपने गिरफ्त में नहीं लिया और उन्होंने बताया कि उनको मनपा प्रशासन द्वारा हम लोगों को किसी भी प्रकार की कोई सहायता प्राप्त नहीं है। जानवरों के लिए इसी कारण जानवरों की यहां मौत होती है पहले तो हमको मानपा प्रशासन की तरफ से गाड़ी की सुविधा थी पर अब वह भी नहीं है यहां पर जानवरों के लिए पोस्टमार्टम की भी सुविधाएं नहीं है। हम लोगों को मुंबई ले जाना पड़ता है। अगर मनपा प्रशासन द्वारा हम लोगों को यह सहायता मिल जाए तो काफी हद तक जानवरों को बचाने में हमारी संस्था सक्षम हो जाएगी और जानवरों का हम पालन पोषण कर सकेंगे और साथ-साथ जो भी बेजुबान जानवरों पर अत्याचार करने वालों पर हम कानूनी कार्रवाई कर सकेंगे।

## भीलवाड़ा में हाइफा हीरो भवन में रावणा राजपूत समाज ने दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा राजस्थान)।** रावणा राजपूत समाज द्वारा सर्व रावणा राजपूत सेवा संस्थान, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष भँवर सिंह भाटी की अध्यक्षता में जोधडास स्थित हाइफा हीरो भवन पर दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया। भँवर सिंह भाटी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि संस्थान द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के ट्रस्टी हाइफा हीरो भावना पर उपस्थित हुए। मेजर दलपत सिंह जी शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात समाजबंधुओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रतन सिंह राणावत ने जोधडास स्थित हाइफा हीरो भवन पर आगामी कार्यक्रमो के बारे में ट्रस्टियो को अवगत कराया व भवन के निर्माण संबंधी योजना बताई। उन्होंने बताया कि जल्द ही उक्त भूखंड पर निर्माण कार्य करवाया जाएगा। ट्रस्टियो ने हाइफा हीरो भवन के निर्माण के सम्बंध में समाजबंधुओं से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है! इस दौरान संस्थान कोषाध्यक्ष बाबू सिंह राणावत, पीरू सिंह गौड़, सुरेश सिंह सिसोदिया, शंकर सिंह राठौड़, लक्ष्मण सिंह, सोहन सिंह सोलंकी, जितेंद्र सिंह कानावत, उदय सिंह जोधडास व समाजबंधु उपस्थित थे। उक्त जानकारी रावणा राजपूत समाज के युवा नेता एडवोकेट पीरु सिंह गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



## महालक्ष्मी समाज सेवी संस्था ने किया नेपानगर के पत्रकारों का सम्मान

नेपानगर के शिवाजी नगर में बीते दस वर्षों से हर दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। यह आयोजन नेपानगर के शिवाजी नगर के रहने वाले जितेंद्र सावकारे और उनकी सहयोगी टीम के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है महालक्ष्मी समाज सेवी संस्था के द्वारा लक्ष्मी जी की प्रतिमा की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान समिति द्वारा इनामी प्रतियोगिता और विभिन्न कार्यक्रम भी कराए जाते हैं। नगर के सभी क्षेत्रों से महिलाएं , बच्चे और बजुर्ग पांडाल में पहुच कर मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर आयोजनों का लुफ्त उठाते हैं। बुधवार को महालक्ष्मी समाज सेवी संस्था ने कोरोना काल जैसी वैश्विक महामारी के दौरान पत्रकारों द्वारा निडरता पूर्वक अपना कर्तव्य निभाने वाले और कोरोना संक्रमण के दौरान अपने घरों में बैठी जनता को प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा निर्देश आवश्यक जानकारियां जनता तक पहुंचाया और जरूरत मंद लोगो तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया। पत्रकारों ने अपने समाचार पत्र, न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से जरूरी सूचनाएं और तथ्यात्मक जानकारियो को जन-जन तक पहुंचाने का काम भी किया है। इन सभी सराहनीय कार्यों के चलते समिति द्वारा नेपानगर के मध्य प्रदेश मीडिया संघ अध्यक्ष बंसल न्यूज चैनल के दबंग पत्रकार नरेश चौकसे, न्यूज ऑब्जर्वर नेशनल चैनल जिला ब्यूरो चीफ राजेश जाधव, अनादि न्यूज चैनल नेपानगर संवाददाता सागर चौरसिया, वंदे भारत न्यूज चैनल संवाददाता नेपानगर विनोद मोरे, शहजाद अली, दीपक अडाले, मनीष जायसवाल, करण इंगले, राहुल करोसिया इन समस्त पत्रकारों का सम्मान किया गया।

## म्यूजिक वीडियो 'देख तैनूं रोज रोज' में देव शर्मा और रियो 2.0



मुंबई। हाल ही में जीवी म्यूजिक फिल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत म्यूजिक वीडियो 'देखा तैनूं रोज रोज' रिलीज किया गया। उसी अवसर पर विमल गोकनी, संतोष चौरसिया और अजय गोसालिया की उपस्थिति रही। इस अलबम का निर्माण रेखा वैष्णव ने किया है। देव शर्मा और रियो 2.0 अभिनीत यह अलबम अल्तमश फरीदी और रूपाली जग्गा की जादुई आवाज से सजी है जो कि दर्शकों का दिल चुराने वाला है। इसके गीतकार और संगीतकार गोविंद वैष्णव, डीओपी नारायण के साहू और वीडियो डायरेक्टर विवेक चौहान हैं। यह गीत युवाओं को उनके पहले प्यार की याद दिलाकर एक बार फिर दिल के फूल खिलने का खूबसूरत अहसास है। आपको बता दें कि एलबम में मुख्य भूमिका निभाने वाले देव शर्मा ने 'यारियां', वाराणसी जंक्शन जैसी कई फिल्मों के अलावा म्यूजिक वीडियो और वेब सीरीज में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। वहीं रियो भी अनेक अलबम और वेब सीरीज में काम कर चुकी है। उनकी कुछ फिल्में भी रिलीज होने वाली है। हिंदी पंजाबी मिक्स यह रोमांटिक गीत श्रोताओं को जरूर पसंद आएगा।

## कृष्णा चौहान ने पत्रकारों के संग मनाया दिवाली उत्सव



### केसीएफ फाउंडेशन की ओर से लंच स्वीट्स व गिफ्ट्स दिये गए

दीपावली के शुभ अवसर पर कृष्णा चौहान फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर डॉ कृष्णा चौहान ने मुम्बई के अंधेरी में स्थित सिद्धिविनायक ट्रॉफी के दफ्तर में एक शानदार दीवाली सेलेब्रेशन का आयोजन किया। जहां उन्होंने मीडियाकर्मियों और काफी लोगों को मिठाइयों, गिफ्ट्स से नवाजा। साथ ही उन्होंने तमाम लोगों के लिए बेहतरीन लंच का इंतजाम भी किया। इस गेट टूगेदर के मौके पर दीवाली सेलेब्रेशन हुआ और सभी ने एक दुसरे को शुभकामनाएं दीं। केसीएफ फाउंडेशन की ओर से इस तरह के दीवाली उत्सव समारोह में दर्जनों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और डॉ कृष्णा चौहान के हौसले और उनके जज्बे की प्रशंसा की।आपको बता दें कि कृष्णा चौहान सोशल वर्कर के रूप में वर्षों से मानवता की सर्विस करते आ रहे हैं। डॉ कृष्णा चौहान ने बताया कि दीवाली खुशियों और रौशनी का त्योहार है। इस पर्व पर अपने दोस्तों, साथियों और जानने वालों का ख्याल रखना चाहिए। अपनों के लिए कुछ गिफ्ट्स देना, उनका मुंह मीठा करवाना दीवाली का सही मायने है। गौरतलब है कि मुम्बई में डॉ कृष्णा चौहान ने पिछले माह महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2021 का शानदार आयोजन किया था। बॉलीवुड फिल्मों के डायरेक्टर और लीजेंड दादा साहेब फालके अवार्ड के फाउंडर डॉक्टर कृष्णा चौहान इंडियन सिनेमा का सबसे बड़ा पुरुस्कार बोलीवुड लीजेंड अवार्ड २०२१ का आयोजन 12 दिसंबर २०२१ को मेयर हॉल, अंधेरी मुम्बई में करने जा रहे हैं। बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले कृष्णा चौहान फिल्म निर्देशक होने के हाथ साथ अवार्ड फंक्शन का आयोजन भी करते रहते हैं। साथ ही वह कृष्णा चौहान फाउंडेशन को भी सक्रिय रूप से चला रहे हैं।

## समाज सेवी हाजी सिद्दीक मोहम्मद शेख के इंतकाल से राजसमन्द में छाई शोक की लहर मुस्लिम महासभा



6 नवम्बर राजसमन्दः राजसमन्द जिले के देवगढ़ निवासी हाजी सिद्दीक मोहम्मद शेख का हुआ निधन। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाजी सिद्दीक मोहम्मद शेख ने कांग्रेस पार्टी में काफी अर्से तक एक अच्छे नेता एवं कार्यकर्ता के रूप में योगदान दिया। शैख के निधन से देवगढ़ सहित पूरे राजसमन्द क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। इस दौरान मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार, जिला समन्वयक एडवोकेट शराफत हुसैन फौजदार, जिला प्रभारी हैदर हुसैन शेख, जिला मीडिया प्रभारी सरफराज शेख, जिलाध्यक्ष रेहाना खान पठान, देवगढ़ समन्वयक रिटायर्ड उप तहसीलदार इकबाल मोहम्मद शेख, ब्लॉक अध्यक्ष आशिक शाह, ब्लॉक उपाध्यक्ष खुर्शीद अहमद शैख द्वारा बताया कि अपने जीवन के 98 वर्ष के काल मे बहुत सारे नेक कार्यो को बढ़ चढ़ कर कोमी मिशाल पेश की गई है हाजी साहब देवगढ मुस्लिम कोम कि नाक थे। वो हमेशा देवगढ मुस्लिम कोम के लिए फिक्रमंद रहा करते थे । चाहे सूफी मेहताब अली बाबा की दरगाह की तामीर, उर्स हो या मदिना मस्जिद (वेदो की मस्जिद) का मसला हर दिनी काम मे वो आगे रहते थे। देवगढ मुस्लिम कोम का कोई भी मसला हो कोट, कचहरी या थाने का, हर मसला वो अमन चैन से हल हो जाए इसके लिए पुरी कोशिश करते थे। देवगढ नगर में हिन्दू-मुस्लिम कोम मे भी उन की एक अलग पहचान व रुतबा था। लोग उन की बातो को मानते थे। किसी की भी मदद करनी हो चाहे हिन्दू हो या मुस्लिम उन्होने अपने घर के दरवाजे हमेशा खुले रखे थे। देवगढ़ मुस्लिम समाज में गम की लहर- देवगढ़ मुस्लिम कॉम के एक अच्छे लीडर रहबर जनाब हाजी सिद्दीक साहब आज हमारे बीच नहीं रहे उनकी कमी हमेशा पूरी जिंदगी रहेगी आपने हमेशा दिल से खिदमत की कोम की हर काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया 98 साल की उम्र में आज देवगढ को अलविदा कह दिया ओर अपने पीछे भरा पूरा परिवार जिसमे सबसे बड़े पुत्र सत्तार मोहम्मद, इकबाल मोहम्मद उर्फ बबलू खान जो वर्तमान में पार्षद है,रशीद उर्फ मटरू भाई शैख, ताहिर मोहम्मद उर्फ गटरु भाई जो कि देवगढ़ आम मुस्लिम समाज के सदर है। जैसे पिता हाजी साहब का लोगो के प्रति व्यवहार था वैसा ही इनके पुत्रो द्वारा है।

## महर्षि दयानंद ने सोए हुए समाज को जगाया - राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में गीत संगीत कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। यह कोरोना काल मे 309 वां वेबिनार था किन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि महर्षि दयानंद ने सोये हुए समाज को जगाया। हिन्दू समाज गहरी नींद में सोया था। उन्होंने लोगो को तर्क व विचार शक्ति देकर उनके सोचने व समझने की दिशा ही बदल डाली। वह एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज में फैली कुरूतियों पर सीधा प्रहार किया जिसके लिए साहस की आवश्यकता होती है। वह एक निर्भीक सन्यासी थे उन्होंने आर्य समाज की स्थापना कर इस आंदोलन को गतिमान रखा। उनके उपकारों को शब्दों में बांधना मुश्किल है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि स्वामी जी की स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य भूमिका रही। सी ए नरेश खन्ना व सुदेशवीर आर्य ने भी उनके सामाजिक व राष्ट्रीय योगदान की चर्चा करते हुए अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की । गायिका दीप्ति सपरा, ऋचा गुप्ता, रजनी गर्ग, रजनी चुघ, विजय लक्ष्मी आर्या, डॉ.(कर्नल)विपिन खेड़ा, रविन्द्र गुप्ता, वीरेन्द्र आहूजा, नरेशप्रसाद आर्य, ईश्वर देवी, रेखा गौतम, जनक अरोड़ा, विक्की व आसिफ, प्रतिभा कटारिया,कविता आर्या,कमला हंस,संतोष शर्मा आदि सुन्दर गीत प्रस्तुत किए। प्रमुख रूप से यशोवीर आर्य, रामकुमार सिंह आर्य, डॉ. रचना चावला, रचना वर्मा, उर्मिला आर्या, आस्था आर्या, वेद प्रकाश, मिथिलेश गौड़, वेद भगत आदि उपस्थित थे ।

## पत्रकार आरिफ हाशमी बने शिवसेना मे मुम्ब्रा कलवा विधानसभा प्रसिद्धि प्रमुख

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** पत्रकार आरिफ हाशमी को शिवसेना का मुम्ब्रा कलवा विधानसभा प्रसिद्धि प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर गोपाल लांडगे के अलावा नगरसेवक बालाजी काकड़े मुम्ब्रा कलवा विधानसभा के सह संगठक प्रमुख शादाब शेख सहित शिवसेना के कई नगरसेवक व पदाधिकारी वहां पर मौजूद थे। इस शुभ अवसर नगरसेवक व शिवसेना के दिग्गज नेता बालाजी काकड़े ने मिडिया को बताया की पत्रकार आरिफ हाशमी निर्भय नगरी अखबार एवं ग्रेट इंडियन टीवी न्यूज चैनल के प्रधान संपादक है। लगातार 13सालों से निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे है। साथ ही वे कई सामाजिक संगठनों में अहम पद पर रहकर समाज की सेवा पिछले कई सालों से कर रहे है। आरिफ हाशमी तीन साल से शिवसेना से जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे है। समाज में उनकी इसी सराहनीय व प्रशंसनीय कार्यों



को मद्दे नजर रखते हुवे शिवसेना सुप्रीमों महामहिम उद्धव साहेब ठाकरे के आशीर्वाद से तथा पालक मंत्री माननीय एकनाथ शिंदे साहेब के आदेशानुसार सांसद श्रीकांत शिंदे साहेब के मार्गदर्शन में तथा कल्याण जिला प्रमुख गोपाल जी लांडगे साहेब के नेतृत्व में पत्रकार आरिफ हाशमी को शिवसेना मेन बॉडी में मुम्ब्रा कलवा विधानसभा का प्रसिद्धि प्रमुख बनाया गया है। इस मौके पर कलवा मुम्ब्रा विधानसभा सह संगठक प्रमुख शादाब शेख ने कहा कि पत्रकार आरिफ हाशमी महाराष्ट्र शासन में हरित सेना के सदस्य है। साथ ही वे मुम्ब्रा कलवा के एक बेबाक लीडर है। जो पिछले तीन साल से शिवसेना में रहकर केंद्र सरकार तथा मुम्ब्रा की सत्ताधारी पार्टी को घेरने का काम कर रहे है। साथ ही मुम्ब्रा कलवा के नागरिकों के दुख सुख में हमेशा निस्वार्थ शामिल होते रहते है। हमारी शिवसेना पार्टी ने उनके इसी निस्वार्थ भाव को देखते हुवे उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है जब मिडिया वालों ने पत्रकार आरिफ हाशमी से पूछा कि शिवसेना ने आपको इतने बड़े पद से नवाजा आप क्या कहेगे तो आरिफ हाशमी ने सबसे पहले पालक मंत्री एकनाथ शिंदे सांसद श्रीकांत शिंदे व कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे व खासकर नगरसेवक बालाजी काकड़े का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुवे कहा कि पार्टी ने जिस तरह से मुझ पर भरोसा जताया है। उसी तरह से मै भी लोकहित में दिन रात मेहनत करके पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के भरोसे और उम्मीद पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूँगा।

## देश में ऋषि दयानन्द का बलिदान सदियों तक मार्ग प्रशस्त करता रहेगा - अनिल आर्य




**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती जी का 138 वां बलिदान दिवस ऑनलाइन सोल्लास मनाया गया।उल्लेखनीय है कि दीपावली के दिन 1883 को उनका बलिदान हुआ था। यह कोरोना काल में 308 वां वेबिनार था। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ से बात करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद जी का बलिदान सदियों तक समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। विष पीकर जग मरता, तुम अमर हुए हो विष पीकर। महर्षि दयानंद सरस्वती समग्रक्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने वेदों की पुनर्स्थापना की और सामाजिक कुरुतियों के विरुद्ध जनजागरण किया। समाज में फैले अंधविश्वास, पाखण्ड व कुरीतियों पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने लोगो के सोचने की दिशा ही बदल डाली। महर्षि दयानंद नारी जाति की शिक्षा वेदों के पठन पाठन पर जोर दिया। उनका मानना था कि कोई कितना ही करे परंतु स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम है। मुख्य अतिथि संध्या बजाज (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) ने कहा कि नारी जाति पर ऋषि दयानन्द के अनेको उपकार हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, यह उन्हीं की कृपा है। वैदिक साधन आश्रम देहरादून के कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद के ऋण से हम कभी उऋण नहीं हो सकते। उनका देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा, अनेको क्रांतिकारी उनसे प्रेरणा पाकर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। पुरातन भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित किया। प्रांतीय मंत्री प्रवीण आर्य ने ऑनलाइन उपस्थित स्वज्जनों को पंचदिवसीय दीपोत्सव की बधाई दी और ऐसे सुन्दर आयोजनों में अधिक से अधिक जनसमूह को एकत्रित करने की ओर प्रेरणा लेने की अपील की। अध्यक्ष नरेन्द्र साहनी (प्रधान, आर्य समाज मैसूरी) ने धन्यवाद ज्ञापन देकर उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। आर्य गायिका प्रवीन आर्या,नरेन्द्र आर्य सुमन, सुदेश आर्या, दीप्ति सपरा, बिंदु मदान, रजनी गर्ग, रजनी चुघ, ईश्वर देवी, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, रेखा गौतम, वीरेन्द्र आहूजा, रविन्द्र गुप्ता आदि के मधुर भजन हुए। प्रमुख रूप से यशोवीर आर्य, ईश आर्य, आस्था आर्या, राजेश मेहंदीरत्ता, डॉ रचना चावला, कमलेश चांदना, उर्मिला आर्या, सुमित्रा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# केन्द्र सरकार को पेट्रोल के दामों में पचास रुपए की कटौती करनी चाहिए: लालू



## पेट्रोल के दामों में पाँच रुपए की कटौती को बताया नाटक

**रिपोर्टर/अरमान उलहक**

**पटना।** बुधवार को पेट्रोल-डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में कटौती के केंद्र सरकार के ऐलान के बाद कई राज्यों ने कम किये पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर दिये हैं। वहीं यूपी की योगी सरकार ने राज्य में पेट्रोल और डीजल के दामों में बारह रुपए प्रति लीटर की कटौती का फैसला लिया है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय रेल मन्त्री भारत सरकार पूर्व मुख्यमंत्री बिहार प्रदेश लालू प्रसाद यादव ने केंद्र के फैसले को नाटक बताया है। उनका कहना है कि पेट्रोल के दामों में पाँच रुपए की कटौती नाटक है और केंद्र सरकार को डीजल और पैट्रोल के दामों में पचास रुपए प्रति लीटर की कटौती करनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दो हजार बाइस में होने वाले विभिन्न प्रान्तों में विधानसभा चुनाव के बाद में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर दोबारा बढ़ोतरी कर देगी।

कई दिन पहले केंद्र सरकार ने फैसला लिया कि पेट्रोल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में पांच रुपए प्रति लीटर और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी पर दस रुपए प्रति लीटर की कटौती की जाएगी। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसका स्वागत किया है। वहीं कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने केंद्रसरकार के ऐलान के बाद अपने-अपने राज्यों में पेट्रोल पर लगने वाले वैट में भी कटौती का ऐलान कर दिया गया है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों पर प्रति लीटर बारह रुपए की कटौती का फैसला लिया है।

केंद्र सरकार के फैसले के बाद पेट्रोल और डीजल के दामों में कटौती का ऐलान करने वालों की सूची में उत्तर प्रदेश उत्तराखंड, त्रिपुरा, कर्नाटक, गुजरात, मणिपुर और असम के नाम भी शामिल हैं। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ बीजेपी के नेता केंद्र द्वारा एक्साइज ड्यूटी कम करने के फैसले का स्वागत कर रहे हैं तो वहीं विपक्षी दल इसे केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी की नोटंकी और नाटक करार दे रहे हैं।

# यूपी में नवविवाहिता से पुलिस ने किया रेप

## वीडियो भी बनाया, मुकदमा दर्ज, इटावा पुलिस ने किया गिरफ्तार



### इंस्पेक्टर के खिलाफ रेप के साथ पॉक्सो एक्ट

नवविवाहिता के साथ जिस समय दुष्कर्म हुआ उस समय वह नाबालिग थी। घटना के समय पीड़िता की उम्र 17 साल 5 महीने व 7 दिन थी। पीड़िता ने इटावा एसएसपी के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व महिला आयोग से भी शिकायत की थी। ट्विटर पर मामले के वायरल होने के बाद पुलिस को हरकत में आना पड़ा। पीड़िता के नाबालिग होने के कारण इटावा पुलिस ने आरोपी इंस्पेक्टर महेन्द्र पाल सिंह के खिलाफ बलात्कार व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद इंस्पेक्टर को कुलपहाड़ कोतवाली से हिरासत में लिया गया है।

**रिपोर्टर/अरमान उलहक**

**इटावा।** नवविवाहिता को होटल में ले जाकर उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी इटावा कोतवाली में तैनात रहे इंस्पेक्टर महेंद्र पाल सिंह को महोबा से हिरासत में लेकर इटावा लाया गया है। एसएसपी जय कुमार के अनुसार शुरूआती जांच में आरोपी निरीक्षक पर लगे आरोप सही पाए गए हैं। आरोपित इंस्पेक्टर वर्तमान में महोबा के कुलपहाड़ थाने में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात है।

पीड़िता के अनुसार आरोपी इंस्पेक्टर महेंद्र पाल सिंह स्टेशन रोड स्थित एक होटल में उसे ले गया, यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील फोटो व मोबाइल से वीडियो बनाया, मामले की शिकायत करने पर पति को जेल भेजने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक 7 फरवरी को फिर इटावा के एक होटल में बुलाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता ने 4 अक्तूबर को तत्कालीन एसएसपी को अर्जी दी थी, तब कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पिता और भाई को जान से मारने की धमकी देकर होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

पीड़िता के मुताबिक, वह एक मामले के सिलसिले में आरोपी इंस्पेक्टर से मिली थी। 28 जनवरी 2021 को जब वह थाने पहुंची तो इंस्पेक्टर ने उसके साथ इटावा कोर्ट में बयान देने को कहा। वह उसे एक होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया, उसने उसकी अश्लील तस्वीरें खींचीं और मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की शादी चकरनगर इलाके के एक शख्स से हुई है और वह अपने पति के बीच हुए विवाद के सिलसिले में पुलिस के पास गई थी।इंस्पेक्टर पीड़िता और उसके पति को अपनी कार में 28 जनवरी 2021 को एक होटल में ले गया। उसने फिर महिला के साथ दुष्कर्म किया और फिर कई मौकों पर घृणित अपराध को दोहराया।

अगस्त में इंस्पेक्टर ने महिला के पति से अपनी पत्नी को वापस उसके पास लाने को कहा। साथ ही धमकी भी दी कि अगर वह ऐसा नहीं करेगा तो वो उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देगा। पीड़िता के पिता ने आरोपी निरीक्षक के लिए कड़ी सजा की मांग की है और कहा है कि उसने उसकी बेटी की जिंदगी बर्बाद कर दी। महिला का बयान अब मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया जाएगा।




# दरभंगा पहुंचे सुपर-30 के आनंद कुमार

## शिक्षा सशक्तिकरण पर आयोजित सेमीनार में लिया भाग

**संवाददाता/ मो. सालिम आजाद**

**मधुबनी।** शहर में शिक्षा और उसके प्रभाव को लेकर मिथिला इंस्टिट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी एण्ड मेडिकल साइंस द्वारा शहर के अल-हेलाल हॉस्पिटल , बीबीपाकड़ स्थित अल्लामा इकबाल लाइब्रेरी में सेमीनार का आयोजन रविवार को प्रातः 10बजे से शुरू हुआ। जिसमे भाग लेने के लिए देश विदेश में प्रख्यात शिक्षाविद और छात्रों के चहेते सुपर-30 के निदेशक आनंद कुमार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया यह जानकारी शुक्रवार को संस्था में आयोजित संवादाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सज्जाद अहमद , निदेशक डॉ इम्तियाजूल हक नोमानी , मैनेजर तनवीर इमाम ने दी । इन्होंने बताया कि लोगों को शिक्षा और उससे होने वाले समाजिक परिवर्तन के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश से इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है ।

इस कार्यक्रम में आनंद कुमार के अलावा शाहीन ग्रूप के चेयरमैन अब्दुल कदीर , रहमान-30 के निदेशक ओबैदूर रहमान, अल-हेलाल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अहमद नसीम आरजू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । इसके अलावा यह कार्यक्रम रविवार को ही 4 बजे शाम में सिमरी थाना अंतर्गत आने वाले बिरदीपुर गाँव में आयोजित किया गया । जिससे की ग्रामीण परिवेश के बच्चों और उनके अभिभावकों तक शिक्षा के महत्व को पहुंचाया और समझाया जा सके ।



# जींस पहनने के ये तरीके देंगे आपको ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक

आधुनिक युग में जींस एक बेहतरीन फैशन स्टाइल के रूप में उभरा है। दुनिया भर में आज बड़े पैमाने पर कई तरह के स्टाइलिश जींस को कैरी किया जाता है। आजकल ऐसे कई स्टाइलिश जींस बाजार में उपलब्ध हैं, जो खासकर लड़कियों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। कहा जाता है कि फैशन के मामले में लड़कियों का कोई मुकाबला नहीं होता। उन्हें ये पता होता है कि उन पर कौन सा स्टाइलिश जींस शूट करेगा? यही एक बड़ी वजह है, जिसके चलते कई मौकों पर लड़कियां स्टाइलिश जींस कैरी करके आकर्षण का केंद्र बनी रहती हैं। वहीं दूसरी तरफ कई ऐसी लड़कियां भी होती हैं, जो इस दुविधा में फंसी रहती हैं कि हम क्या पहने? इसी कड़ी में आज हम आपको जींस पहनने के कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें अगर आप फॉलो करती हैं, तो आपका लुक काफी ग्लैमरस और स्टाइलिश दिखेगा। इन जींस को कैरी करने के बाद आप आकर्षण का केंद्र भी बनी रहेंगी।

### डिस्ट्रेस्ड जींस

अक्सर कई लड़कियां खास मौकों पर रिप्ड जींस को कैरी करने का विकल्प चुनती हैं। हालांकि हर बार रिप्ड जींस को पहनना आपके लुक में कमी ला सकता है। ऐसे में आपको डिस्ट्रेस्ड जींस का विकल्प चुनना चाहिए। डिस्ट्रेस्ड जींस आपको एक ग्लैमरस लुक देने के साथ साथ सर्दियों के मौसम में ठंड से भी बचाने का काम करेगा।



### फ्लेयर्ड जींस

फ्लेयर्ड जींस का चलन भी बीते कुछ सालों में काफी बढ़ा है। ये जींस खासकर उन लड़कियों के लिए काफी बढ़ियां है, जिनकी टांगे काफी पतली होती हैं। फ्लेयर्ड जींस को प्लेन टी शर्ट के साथ कैरी करने पर आपको एक स्टाइलिश लुक मिलेगा।

### हाई वेस्ट जींस

अगर आप किसी पार्टी या खास जगह पर जा रही हैं, पर आप इस दुविधा में फंसी हैं कि क्या पहने? तो ऐसे में आप हाई वेस्ट जींस को कैरी कर सकती हैं। खास मौकों पर हाई वेस्ट जींस को पहनने पर आपको एक आकर्षक लुक मिलेगा।

### स्किनी जींस

बीते कुछ सालों में स्किनी जींस का चलन बढ़ा है। देश दुनिया में बड़े पैमाने पर इस जींस को कैरी किया जा रहा है। इसे आप लॉन्ग शर्ट के साथ कैरी कर सकती हैं। पार्टी या खास मौकों पर जाने के लिए इसको कैरी करना काफी अच्छा विकल्प है।

# घर में जरूर रखें नेचुरल एयर प्यूरिफायर


## बढ़ते प्रदूषण से मिलेगी राहत

दिवाली के बाद कई जगहों पर भारी धुंध और प्रदूषित हवा देखी गई, जो हमारी सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। इसका अहम कारण भारी मात्रा में पटाखों का फोड़ना है। ऐसे में हर कोई खराब प्रदूषण से लड़ सकता है। इसे बचने के लिए घरेलू उपचारों का इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन फिर भी जितना हो सके उतना घर में रहे, जरूरत होने पर ही बाहर जाएं। जानते हैं कुछ आसान तरीके जो आपके घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने में मदद करेंगे–

### 1) बीज वैक्स कैंडल

बीजवैक्स की मोमबत्तियां सबसे पुरानी मोमबत्तियों में से हैं। बीजवैक्स कैंडल एयर प्यूरीफायर की तरह काम करती हैं। ये हवा में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बेअसर करती हैं और उन्हें हार्मलेस बनाती हैं। बीजवैक्स की मोमबत्तियां न केवल आपके घर में हवा की गुणवत्ता में सुधार करती हैं, बल्कि धीरे-धीरे जलती भी हैं, इसलिए आपको उन्हें बार-बार बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। शुद्ध बीजवैक्स की मोमबत्तियां जलने पर लगभग कोई धुआं या गंध नहीं करती हैं।





### 2) इंडोर प्लांट्स

कुछ इनडोर होम प्लांट हवा से जहरीले टॉक्सीन को छानने के लिए अद्भुत काम करते हैं। ये पौधे न केवल आपके इनडोर हवा को बेहतर बनाएंगे बल्कि आपके रहने की जगह को भी सुंदर बनाएंगे। हालांकि इन पौधों को कुछ रखरखाव की जरूरत होती है, लेकिन ये बहुत उपयोगी होते हैं इसके लिए आप एलोवेरा, स्पाइडर प्लांट, बैम्बू प्लांट, स्नेक प्लांट जैसे पौधे रख सकते हैं।

### 3) साल्ट लैंप

साल्ट क्रिस्टल लैंप एक नेचुरल एयर प्यूरिफायर है जो वातावरण में टॉक्सिन को इकट्ठा और बेअसर करता है। आपको बस अपने कमरे में हिमालयन पिंक साल्ट लैम्प लगाना है या अपने ऑफिस डेस्क पर रखना है।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सपा में शामिल हुए बसपा नेता रामअचल राजभर व लालजी वर्मा अखिलेश बोले में भाजपा का सफाया



बसपा से निष्कासित पूर्व मंत्री राम अचल राजभर और लालजी वर्मा को सपा में शामिल कराने पहुंचे अंबेडकरनगर पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि 2022 में प्रदेश से भाजपा का सफाया होना तय है। भारी भीड़ से गदगद अखिलेश ने कहा कि इतना बड़ा समर्थन पूरे यूपी में सपा को पहली बार मिल रहा है। रोज ही नेताओं के सपा से जुड़ने का सिलसिला बढ़ रहा है। यह समर्थन इस बार यूपी में इतिहास रचेगा। सपा गठबंधन 400 सीट जीतेगा। पूर्व सीएम ने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि युवाओं को न तो रोजगार दिया गया और न ही लैपटॉप। अब चुनाव देख टैबलेट देने का वायदा करने वाले पहले यह बताएं कि पिछले साढ़े चार साल से कहाँ थे? किसानों का जिक्र करते हुए कहा कि खाद के दाम बढ़ा दिए गए। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# नासिर अंसारी बने सपा सदर






**मुंबई।** उत्तर प्रदेश सहित भारत के विभिन्न प्रान्तों में दो हजार बाइस में होने वाले विधानसभा चुनाव में कामयाबी हासिल करने के लिए राजनीतिक दल संगठन को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं मुंबई में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सपा की बैठक आयोजित हुई बैठक में सपा कार्यकताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री अबू आसिम आजमी का जोरदार इस्तकबाल किया गया अबू आसिम आजमी ने समाजवादी पार्टी को ही सर्व समाज की हितैषी पार्टी बताया बैठक के बाद सपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी में श्री अबू आसिम आजमी ने उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर निवासी श्री नासिर अन्सारी को समाज वादी पार्टी की प्रति निष्ठा ईमानदारी, मेहनत, लगन को देखते हुए सपा बिजनौर प्रकोष्ठ का प्रदेशअध्यक्ष महाराष्ट्र मनोनीत किया है पदभार ग्रहण करने के बाद नासिर अन्सारी ने प्रेस वार्ता में कहा मुंबई महानगर पालिका और नगरनिगम चुनाव में सपा का परचम लहराएगा और भारी मतों से निगम चुनाव में सपा प्रत्याशियों की जीत होगी और यूपी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव दो हजार बाइस में पूर्णबहुमत से सपा की सरकार बनेगी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सपा नेता की नियुक्ति मुंबई में उत्तर भारतीयों में पकड़ मजबूत करने के लिए की गई है नासिर अन्सारी की मौजूदगी में काफी संख्या में मुंबई में रहने वाले बिजनौर के लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की और सपा को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## महाराष्ट्र के कल्याण में बैलों पर जुल्म!

## आग जलाकर कूदने पर किये गए मजबूर



**मुंबई।** महाराष्ट्र स्थित कल्याण में पुरानी परंपरा के नाम पर बैलों पर जमकर अत्याचार किया जा रहा है। एक वीडियो के मुताबिक सड़क पर आग लगाकर बैलों को उसे कूदकर पार करने के लिए मजबूर किया गया। यह वीडियो शुक्रवार का बताया जा रहा है। इस परंपरा की वजह से कई बैल जख्मी भी हुए हैं। इस मामले की जानकारी होने पर जानवरों के हित के लिए काम करने वाली एक एनजीओ ने शिकायत भी स्थानीय पुलिस में दर्ज करवाई है।

# मायावती का किसानों को समर्थन कहा–कृषि कानूनों को वापस लेकर दिवाली का तोहफा दे केंद्र सरकार

रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने एक के बाद एक लगातार कई ट्वीट किए जिसके माध्यम से उन्होंने सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीएसपी व अन्य पार्टियों के भी निष्कासित किए गए लोगों को सपा में शामिल किए जाने से इस पार्टी का कुनबा या जनाधार बढ़ने वाला नहीं है। बल्कि इससे यह और भी घटता, कमजोर होता हुआ चला जाएगा। जबकि सपा को यह मालूम होना चाहिए कि ऐसे स्वार्थी दलबदलू किस्म के लोगों को लेने से इनकी अपनी ही पार्टी में टिकटार्थी बहुत गुस्से में हैं। ये अधिकांशतः बीएसपी के संपर्क में हैं। वैसे भी चुनाव में अंदर अंदर इस पार्टी को ये काफी नुकसान पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा लेकिन बीएसपी के लोग ऐसे में दूसरी पार्टियों के विधायकों व अन्य लोगों के टिकट कटने पर उन्हें अपनी पार्टी से टिकट दिलवाने से परहेज करें। उनके स्थान पर अपनी पार्टी के लोगों को ही टिकट देने पर ज्यादा जोर दें तो उचित होगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को ट्विटर के जरिए कहा कि भाजपा के 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' को लोग जुमला न मानकर इस पर कैसे विश्वास करें। जब देश के किसान तीन कृषि कानूनों की वापसी को लेकर लंबे समय से आंदोलित एवं आक्रोशित हैं । मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार ने 3 साल में पहली बार उत्पाद कर थोड़ा घटाकर लोगों को इस दिवाली पर कुछ राहत का तोहफा दिया। इसी प्रकार दिवाली के बाद ही सही पर यदि तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस लेकर केंद्र सरकार देश के किसानों को भी दिवाली का तोहफा दे तो यह बेहतर ही होगा।



## छठ पूजा को लेकर कांग्रेस अपनी ही सरकार के खिलाफ बीजेपी बोली- जनता सिखाएगी सबक



छठ पूजा को लेकर महाराष्ट्र में सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। महा विकास अघाड़ी सरकार का घटक दल कांग्रेस जहां छठ पूजा पर लगाए गए प्रतिबंधों के खिलाफ है। और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मिलकर इस विषय में बातचीत कर मामले को हल करने की बात कर रहा है। वहीं बीजेपी नेता और उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष संजय पांडेय का कहना है कि जिस तरह का प्रतिबंध लगाया गया है। उससे साफ जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मुंबई में रहने वाले 20 लाख हिंदी भाषियों से द्वेषपूर्ण भावना रखते हैं। अगर लगाई गई पाबंदियों को हटाया नहीं गया तो इसका खामियाजा शिवसेना को आगामी बीएमसी चुनाव में देखने को मिलेगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)